अभियंता प्रमुख का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

सकारण आदेश

संवेदक आस्था एग्रो इन्डस्ट्रीज प्रा0लि0, (निबंधन सं0–1148 / 14), ग्राम+पो0–चोरौत, जिला–सीतामढ़ी, बिहार को **कार्य प्रमण्डल**, पुपरी के अधीन योजनाशीर्ष **PMGSY** अन्तर्गत (1) **एल059 मधुबन बाजार से बसहा** (VR31) (Package No-BR-33R-553) **एवं (2) एल096 मुरौल पी0एम0जी0एस0वाई0 से दर्जी टोला** (Package No-BR-33R-310) तक का कार्य आवंटित था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–28.11.2015 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–27.11.2016 एवं कार्य प्रारम्भ की तिथि–29.07.2015 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–28.07.2016 है।

उक्त पथ का निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, पुपरी एवं अन्य क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा बार–बार निदेशित करने के बाद भी **संवेदक आस्था एग्रो इन्डस्ट्रीज प्रा0लि0** द्वारा उक्त कार्य में कोई प्रगति नहीं किया गया। उक्त के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, पुपरी द्वारा एकरारनामा विखंडित करने के पश्चात् पत्रांक–2834 दिनांक–27.10.2023 एवं पत्रांक–418 दिनांक–10.02.2024 एवं अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, सीतामढ़ी ने अपने पत्रांक–1172 दिनांक–27.10.2023 एवं पत्रांक–200 दिनांक–10.02.2024 तथा मुख्य अभियंता–3, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना ने अपने पत्रांक–6192 अनु0 दिनांक–02.11.2023 एवं पत्रांक–1099 अनु0 दिनांक–12.02.2024 द्वारा उक्त संवेदक के निबंधन संख्या–1148/14 को कालीसूची में डालने हेतु अनुशंसा की गई।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–315 दिनांक–24.01.2024 एवं पत्रांक–1698 दिनांक–22.04.2024 द्वारा पन्द्रह दिनों के अंदर कालीकरण के पूर्व संबंधित संवेदक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। अपेक्षित समय बीत जाने के बाद भी संवेदक द्वारा अपना बचाव–ब्यान नहीं समर्पित किया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–2250 दिनांक–24.06.2024 एवं पत्रांक–2285 दिनांक–27.06.2024 द्वारा पन्द्रह(15) दिनों के अंदर स्पष्टीकरण हेतु स्मारित किया गया। फिर भी उक्त संवेदक द्वारा अपना बचाव–ब्यान नहीं दिया गया। फिर अंतिम रूप से स्मारित करते हुए विभागीय पत्रांक–2547 दिनांक–31.07.2024 एवं पत्रांक–2548 दिनांक–31.07.2024 द्वारा 3 वर्षो के लिए कालीकरण हेतु स्पष्टीकरण की मांग की गयी, फिर भी संवेदक द्वारा अपना बचाव–ब्यान विभाग को समर्पित नहीं किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि संवेदक को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है।

अतएव विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली–2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 की कंडिका 11(क)(VI) के आलोक में संवेदक **आस्था एग्रो इन्डस्ट्रीज प्रा0लि0,** ग्राम+पो0–चोरौत, जिला–सीतामढ़ी, बिहार के **(निबंधन सं0–1148 / 14)** को अगले 03 (तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(श्रीप्रकाश)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—63/2023 - 3181 /पटना, दिनांकः— 07/10/2024

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/10/24

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—63/2023 - 3181 /पटना, दिनांकः— 07/10/2024

प्रतिलिपिः—सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी, नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/10/24

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—63/2023 - 3181 /पटना, दिनांकः— 07/10/2024

प्रतिलिपिः—प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—14 एवं प्रशाखा में कार्यरत/ सभी सहायक/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/10/24

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—63/2023 - 3181 /पटना, दिनांकः— 07/10/2024

प्रतिलिपिः—**संवेदक आस्था एग्रो इन्डस्ट्रीज प्रा0लि0, (निबंधन सं0—1148/14)**, ग्राम+पो0—चोरौत, जिला—सीतामढ़ी, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

07/10/24

अभियंता प्रमुख